# दिवाली पर जमकर हुई आतिशबाजी, घरों व प्रतिष्ठानों पर की पूजा-अर्चना

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** दीपावली का त्योहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सोमवार को मनाया गया। शहर रंगीन रोशनी से नहाया नजर आया। व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों पर शाम के मुहूर्त में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद एक-दूसरे को मिठाई वितरित की गई। लोगों ने घरों में मां लक्ष्मी, गणेश और कुबेर की पूजा-अर्चना कर भगवान से मनोकामना पूर्ण करने की कामना की। गोवर्धन का त्योहार बुधवार को मनाया जाएगा।

**मिट्टी के दीपों व मोमबत्ती से घर हुए रोशन:** दीपों का त्योहार दीपावली पर दिनभर बाजारों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं ने जमकर खरीदारी की। हर घर में शाम होते ही मिट्टी के दीपों व मोमबत्ती से घरों को रोशन किया हुआ। वहीं रंगबिरंगी बिजली की लड़ियां घरों पर अपनी छठा बिखेर रही थीं। बच्चों ने शाम होते ही बम पटाखों के साथ दीपावली का उत्सव मनाया।



**भाजपा कार्यालय में किया महालक्ष्मी पूजन :** दीपावली पर्व पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में महालक्ष्मी पूजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने माता पूजन कर सर्वजन के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी ने बहीखाता पूजन किया। पूजन विधि पंडित अनिल कुमार जोशी ने संपन्न कराई। महालक्ष्मी पूजन के दौरान जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड, विप्लव जैन, निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा, जिला मंत्री राजेन्द्र पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, सह प्रभारी निलेश बाफना, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

**निगम कार्यालय में महापौर ने किया पूजन**

दीपोत्सव दीपावली पर नगर निगम कार्यालय पर महालक्ष्मी का पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण व निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ किया। महालक्ष्मी पूजन के बाद महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम के वाहनों की पूजा-अर्चना की। महालक्ष्मी पूजन के अवसर पर महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, निगम अधिकारी जगदीश पांचाल, सुभाष गोयल, सुहास पंडित, बी.एम. चौधरी, गोपाल झालीवाल, राजेन्द्रसिंह राठौर, बलवंतसिंह राठौर सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

# काऊ कैचर खरीद में साढ़े चार लाख का घोटाला

**04 अधिकारियों पर आरोप पत्र जारी**

**बैतूल, 21 अक्टूबर. बैतूल जिले की मुलताई नगर पालिका में करीब साढ़े चार लाख रुपये की हाइड्रोलिक काऊ कैचर वाहन की खरीद में बड़ा घोटाला सामने आया है.**

इस अनियमित खरीदी में चार अधिकारियों पर विभागीय जांच का शिकंजा कस गया है. जानकारी के अनुसार, यह खरीदी लगभग दो वर्ष पहले तत्कालीन सीएमओ नितिन बिजवे के कार्यकाल में की गई थी. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल ने इस मामले में तत्कालीन सीएमओ नितिन बिजवे, उपयंत्री पंकज धुर्वे, एकाउंटेंट भागचंद अहिरवार और सहायक राजस्व निरीक्षक अमरलाल कावड़े को आरोप पत्र जारी किया है. विभागीय आयुक्त संकेत भोंडवे ने आदेश क्रमांक शि. / 6 / मुलताई/ 2025/ 2 / 137 के तहत सभी अधिकारियों को 15 दिनों में जवाब देने के निर्देश दिए हैं. जांच में पाया गया कि फरवरी 2020 से 2022 के बीच नगर पालिका मुलताई में कार्यरत इन अधिकारियों ने 15वें वित्त आयोग की राशि 4.60 लाख से वाहन खरीदा, जबकि नियमानुसार भुगतान निकाय निधि से होना चाहिए था.

## बल्कर की टक्कर से बाइक सवार महिला और बच्ची की मौत

**सीधी.** तेज रफ्तार में बल्कर की टक्कर से बाइक सवार महिला एवं दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. वहीं बाइक चला रहे ससुर एवं दूसरी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलने के पश्चात कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया. किरन प्रजापति विशुनीटोला गांव से अपने ससुर बुद्धसेन प्रजापति एवं दो बच्चियों के साथ बाइक में सवार होकर ससुराल गांव कठार रविवार को जा रही थी. जिला मुख्यालय के समीपी गोरियरा स्कूल के पास सड़क के किनारे शाम करीब 4.30 बजे इनकी बाइक रुकी हुई थी. उसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बल्कर चालक ने खड़े लोगों को टक्कर मार दी.

# गौ संरक्षण के दावे पर कांग्रेस का निशाना

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल. मध्यप्रदेश में गोवंश की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे राज्य सरकार के गौ संरक्षण और कल्याण के खोखले दावे उजागर हो रहे हैं.**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब प्रदेश अभूतपूर्व गोवंश संकट से जूझ रहा है, तब मुख्यमंत्री धार्मिक दिखावे के रूप में गोवर्धन पूजा जैसे आयोजनों में व्यस्त हैं, ताकि जनता का ध्यान वास्तविक समस्याओं से हटाया जा सके. डॉ. चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गौ संरक्षण को केवल चुनावी लाभ का माध्यम बना चुकी है, जबकि राज्य में गोवंश तस्करी, हत्या और



गौशालाओं की बदहाल स्थिति पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही. अप्रैल 2025 में बांसवाड़ा-रतलाम बॉर्डर पर 70 से अधिक ट्रकों में गोवंश की तस्करी पकड़ी गई थी, जिन पर कथित रूप से पुलिस एस्कॉर्ट था — यह सरकार की मिलीभगत का संकेत देता है. छतरपुर, डूंगरपुर और बड़वानी से भी इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें स्थानीय पुलिस की संलिप्तता के आरोप लगे हैं.

> उन्होंने कहा कि गोवंश संवर्धन एवं संरक्षण अधिनियम 2024 के तहत सात वर्ष की सजा का प्रावधान तो है, लेकिन उसका क्रियान्वयन न के बराबर है. वर्ष 2025 की पशु गणना के अनुसार, राज्य में पिछले पांच वर्षों में गोवंश की संख्या में 43.76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. अनेक गौशालाएं भ्रष्टाचार और लापरवाही का केंद्र बन चुकी हैं. डॉ. चौधरी ने बीफ पर शून्य प्रतिशत जीएसटी लगाने के भाजपा सरकार के निर्णय को एक क्रूर मजाक बताया, जो भक्ति के नाम पर हत्या को बढ़ावा देता है.

## चित्रकूट में लगा ऐतिहासिक गधों का मेला

**सतना.** चित्रकूट में लगा ऐतिहासिक गधों का मेला आधुनिक मशीनरी और वाहनों के दौर में यहां गधों का मेला अपने आप में एक अद्भुत मेंला है क्योंकि यहां आने वाले गधे बेचने वालों की माने तो उनकी कई पीढ़ियां यहां आते हुए गुजर गई कहा जाता है कि यह मेल औरंगजेब ने शुरू करवाया था, तीन दिनों तक यह मिला रहता है आज इस मेले का अंतिम दिन है, कल 12 बजे तक यह मेला समाप्त हो जाएगा, अभी तक सबसे महंगा 30 हजार का गधा बिका है, महिला खरीदार और व्यापारी का मेले में पहुंचना इस बार मेले में विशेष रहा, मध्य प्रदेश क्षेत्र के मंदाकिनी तट पर लगता है.

# कपड़े के शोरूम में आग से लाखों का नुकसान

- नप की फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची, नागरिकों में आक्रोश
- प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचे

**नीमच 21 अक्टूबर. नगर के प्रमुख श्री बड़े बालाजी मंदिर के समीप नया बाजार में नीमच निवासी प्रदीप भामावत के व्यवसायिक संस्थान आदिनाथ वस्त्रालय शोरूम भवन की दुसरी मंजिल पर रात्रि 12 .20 बजे अचानक आग लग गई.**

नागरिकों ने फायर ब्रिगेड को सूचना की और आधे घंटे में नपा की फायर ब्रिगेड टीम व टैंकर पहुंचे और आग बुझाने का कार्य




शुरू किया इस अवसर पर मध्य प्रदेश पश्चिम क्षैत्रिय विद्युत वितरण कंपनी के इलेक्ट्रिक लाइन मेन द्वारा लाइट विधुत कनेक्शन काट दिया गया और उच्च अधिकारियों को सूचना प्रेषित की. रात को 1:50 बजे तक साड़ी के गोदाम की दुसरी मंजिल से निरंतर काला धुआं निकलता रहा.नपा परिषद की फायर ब्रिगेड टीम और अफीम फैक्ट्री क्षारोद कारखाना सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड टीम के कर्मचारियों द्वारा आदिनाथ वस्त्रालय की दूसरी मंजिल पर सीढ़ी लगाकर चढ़े और बंद शटर को तोड़ने सबल हथोड़े से शटर को तोड़ने का परिश्रम निरंतर करते रहे आग लगने की घटना की सूचना फैलने के बाद जन सैलाब उमड़ा .शहर के विनोबा गंज क्षेत्र गरीब बस्ती, गिहारा मोहल्ला, नया बाजार एवं बिहार गंज कोली मोहल्ला आदि क्षैत्रवासियों व नागरिकों द्वारा आग बुझाने के लिए निरंतर सहयोग किया गया.

> आदिनाथ कपड़े के तीन मंजिला बिल्डिंग की दूसरी मंजिल में आग लगी उस मंजिल की सभी खिड़कियों के कांच को तोड़ा गया और वहां से फायर ब्रिगेड का पानी प्रेशर से डालकर आग बुझाने का कार्य किया गया. आग तेजी से फैल सकती थी लेकिन शोरूम के एक तरफ कोली मोहल्ला में जाने वाली गली है और दूसरी तरफ एक खाली प्लाट होने से आग कहीं भी नहीं फैली. फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने अपना काम किया लेकिन नपा कर्मचारियों के पास संसाधन व प्रशिक्षण का अभाव सामने देखा गया.



# मंदिरों में हुई गोवर्धन पूजा, प्रभु को लगाया छप्पन भोग

- आज भी मनेगा पड़वां, गवली समाज निभाएगा परंपरा

**शाजापुर, 21 अक्टूबर. दीपावली के अगले दिन भी अमावस्या होने से सुहाग पड़वां और गोवर्धन पूजा को लेकर दो अलग मत देखने को मिले.**

कई मंदिरों और घरों में मंगलवार को गोवर्धन पूजा कर प्रभु को छप्पन भोग लगाया गया. वहीं अनेक स्थानों पर बुधवार को गोवर्धन पूजा की जाएगी. इसी दिन सुहागनें भी सुहाग पड़वां का पर्व मनाएंगी, तो गवली समाज द्वारा प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया जाएगा. दीपावली के दूसरे दिन पड़वां पर गोवर्धन पूजा की जाती है. इस दिन कृषकगण और पशु पालक गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाकर पूजा करते हैं. गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाने की परंपरा भगवान कृष्ण के काल से चली आ रही है. इसके पीछे लोगों का मानना है कि जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर गायों और ग्वालों की रक्षा की थी. उसी प्रकार गोबर से पर्वत बनाकर पूजने से आज भी भगवान कृष्ण सालभर ग्वालों और गायों की रक्षा करते हैं.

**मंदिरों में हुआ अन्नकूट का आयोजन**

पड़वां पर जहां शहर में गोवर्धन पूजा की गई, तो वहीं शहर के कुछ कृष्ण मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन भी किया गया. इस अवसर पर प्रभु को छप्पन भोग लगाया गया. इसके बाद महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया. वहीं मंदिरों में भजन-कीर्तन व महाआरती भी की गई. बता दें शहर में बुधवार को भी गोवर्धन पूजा की जाएगी. इस दिन भी उक्त आयोजन शहर में किए जाएंगे. वहीं वैभव, सुख-समृद्धि और उजाले का पर्व दीपावली सोमवार को शाजापुर में उल्लास के साथ मनाया गया. लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी का पूजन कर समृद्धि का आशीर्वाद लिया. वहीं शहर में 400 साल से अधिक पुराना गज लक्ष्मी मंदिर पर शाम के समय भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली. मंदिर पर भी इसके बाद शुरू हुआ आतिशबाजी का दौर, जो देर रात तक चलता रहा. दीप पर्व को लेकर सुबह से ही बाजार में रौनक दिखाई देने लगी थी.

## लापता युवक का नहर में मिला शव

**सीधी.** पुलिस चौकी पिपरांव अंतर्गत मझिगवां निवासी लापता युवक का शव बाणसागर नहर में मिला. परिजनों ने हत्या कर लाश को नहर में फेंकने का आरोप लगाया है. मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव स्थित बाणसागर नहर में 32 वर्षीय विष्णु केवट का शव तैरता हुआ पाया गया. विष्णु केवट निवासी ग्राम पंचायत मझिगवां 19 अक्टूबर से लापता था. विष्णु 19 अक्टूबर की शाम शरदा गांव में अपने परिचित प्रेम प्रकाश लोनिया और शानित केवट के साथ शराब पीने गया था. देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की.

# रेलवे ट्रैक पार कर रहे भालू शावक की ट्रेन से कटने पर मौत

**सीधी, 21 अक्टूबर. संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक भालू के शावक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई.**

यह घटना मंगलवार सुबह भदौरा-मड़वास रेलवे ट्रैक के बीच हुई. यह एक सप्ताह के भीतर वन्यजीवों के साथ हुई दूसरी ऐसी घटना है. दरअसल लगभग एक साल का यह शावक रेल पटरी पार कर रहा था, तभी कटनी-सिंगरौली रेल मार्ग से गुजर रही एक तेज रफ्तार ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी. शावक की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही संजय टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची और भालू के शव को अपने कब्जे में



लिया. प्राथमिक जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है. यह हादसा मड़वास बफर जोन क्षेत्र में हुआ है. वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक यह एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना है. कुछ दिन पहले भी इसी क्षेत्र में एक वयस्क भालू की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी.

# प्रतिबंधित सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

**12 .50 लाख से अधिक का मसरूका जप्त,**

**सेमरिया पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

**सीधी, 21 अक्टूबर. पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा मेडिकल नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की तस्करी करने वाले आरोपी को पकड़ा.**

थाना प्रभारी सेमरिया को मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियो वाहन में बड़ी मात्रा में नशीली कफ सिरप लाई जा रही है. सूचना मिलने के तुरंत बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए रणनीतिक रूप से पुलिस टीम



का गठन किया गया और घेराबंदी कर कार्रवाई की गई.1180 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप, वाहन और मोबाइल सहित कुल 12 लाख 52 हजार 770 रुपये का मसरूका जप्त किया. पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन सहित आरोपी सूरज तिवारी पिता चिंतामणि तिवारी निवासी जिला शहडोल को गिरफ्तार किया. आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से 1180 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप कुल मूल्य 2 लाख 37 हजार 770 रूपये, स्कार्पियो वाहन अनुमानित मूल्य 10 लाख, मोबाइल फोन 15 हजार रुपये जप्त किए गए.

# बच्चों को खेल मैदान तक लाना ही खेल चेतना मेला का उद्देश्य : कैबिनेट मंत्री काश्यप

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मन में कोई विचार आना और उसे जमीन पर उतारने में बहुत बड़ा अंतर होता है। चेतन्य काश्यप फाउंडेशन ने विचार आने के बाद 10-12 खेलों से खेल चेतना मेला की शुरुआत की थी और उसके बाद बीते 26 वर्षों से यह निरंतर जारी है। वर्तमान में इसमें 19 खेल शामिल है। इस बार 20 से 23 दिसंबर तक खेल चेतना मेला का आयोजन होगा। यह बात फाउंडेशन अध्यक्ष, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष और केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने खेल चेतना मेला आयोजन समिति के दीप मिलन समारोह में कही । श्री काश्यप ने कहा कि बीते कुछ



सालों से सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत हुई है, यह भी खेल मेला का एक प्रकार है। इसने उसी विचार को आगे बढ़ाया, जो शहर के लिए उपलब्धि की बात है। खेल मेला बच्चों को खेल मैदान तक लाने के उद्देश्य से शुरू हुआ था , जिसका क्रम आगे भी जारी रखना है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने भी सम्बोधित किया। स्वागत भाषण क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डॉ गोपाल मजावदिया ने दिया। संचालन आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन ने किया। आभार सचिव अनुज शर्मा ने माना।

## शराबियों का उपद्रव, घर में तोड़फोड़-पथराव

**जबलपुर.** अमन परिसर महाराजपुर में बीती रात शराबियों ने जमकर उपद्रव मचाया. एक घर में तोड़फोड़ कर पथराव किया. पुलिस ने बताया कि मंगलवार को रूद्ध प्रताप सिंह निवासी अमन परिसर महाराजपुर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले के पीछे वाली गली में रहने वाला अजय कोल अपने 2 साथी गट्टी कोल एवं लल्ला कोल के साथ मिला जो उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना कर दिया था. इसके बाद अजय कोल, गट्टी कोल एवं लल्ला कोल उसके घर के सामने आकर विवाद करते हुये उसके घर में लगे लोहे के गेट में लात मारकर तोड़ दिये.

# हजरत ख्वाजा के उर्स मेले में आज सेमिनार व मुशायरा

**ग्वालियर, 21 अक्टूबर. हजरत ख्वाजा खानून के 507 लें उर्स मेले में आज 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है.**

उर्स संयोजक राम बाबू कटारे ने बताया कि सेमिनार में सूफी संतों की शिक्षाओं का राष्ट्रीय एकता में योगदान विषय पर विद्वान वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगें. सेमिनार के मुख्य अतिथि विधायक डॉ सतीश सिकरवार होंगे अध्यक्षता सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी करेंगे. उर्स संयोजक राम बाबू कटारे के संचालन में सेमिनार में बरिष्ट पत्रकार डॉ केशव पान्डेय, समाज सेवी बालखान्डे, इतिहासविद पत्रकार नईम कुरेशी पूर्व तहसीलदार शरीफ कुरेशी, भाजपा नेता अशोक शर्मा आदि भाग लेंगे. नायब सज्जादानशीन डॉ एजाज खानूनी ने बताया कि उर्स में आज सेमिनार के बाद दोपहर दो बजे से दरगाह के समाखाने में अखिल भारतीय मनकवती तरही मुशायरे का आयोजन किया गया है. मुशायरे के मुख्य अतिथि इब्ने सीना एकेडमी अलीगढ़ के फाउंडर पद्मश्री जिल्लुर्रहमान होंगें. मुशायरे में स्थानीय शायरों के अलावा बाहर से भी शायर आएंगे. हज़रत ख़्वाजा खानून की दरगाह पर चल रहे ख्वाजा साहब के 507 वें उर्स मेले में औरतों की मीलाद सम्पन्न हुई. हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी की सरपरस्ती में यह विशेष आयोजन केवल यहां ख्वाजा की दरगाह पर ही आयोजित होता है.

**हादसा** | सागर मार्ग पर हुए हादसे में घायल लोगों को अस्पताल लाया गया सभी का इलाज जारी

# ऑटो रिक्शा का एक्सीडेंट, आधा दर्जन लोग घायल

**नवभारत न्यूज**

**दमोह. जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर मार्ग लकी ढाबा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में करीब आधा दर्जन से अधिक घायलों को इलाज के लिए 112 डायल और 108 के माध्यम से दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. जिनका उपचार जारी है.**

इन सभी घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. यह कहां से लौट रहे थे और कहां जा रहे थे.इसकी जानकारी पुलिस ले रही है. घटना की जानकारी दमोह कलेक्टर श्री कोचर और पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी को लगी



तो वह भी मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को उठाकर स्वयं के वाहन से घायलों को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल भिजवाया.

**एक ही हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर**

जिनका उपचार ड्यूटी रत डॉक्टर यूवी रेड्डी के साथ जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद पटेल, डॉक्टर एनके पटेल, डॉक्टर उमेश तंतुवाय, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, डॉक्टर पीयूष निमाड़े के अलावा और भी डॉक्टर और नर्स ऑफिसर, टीम इलाज करने में जुटी हुई है। बता दें कि किसी वाहन ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ है. फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच कर रही है. जानकारी मिलते ही मौके सीएसपी एचआर पांडेय, देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा और चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी प्रधान आरक्षक हर्ष पाठक के साथ पुलिस घटनास्थल और जिला अस्पताल में मौजूद है .जो उपचार करने में मदद और जानकारी ली जा रही है. अभी तक 9 से 10 घायल जिला अस्पताल पहुंचे हैं .जिनका उपचार चल रहा है, एक की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर करने की बात कही जा रही है. वहीं 112 डायल भी पहुंची थी,कुछ घायलों को 112 डायल से लाया गया .108 पहुंच जाने के बाद सभी घायलों को सुरक्षित जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है.

# वीरता को याद कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**जबलपुर, 21 अक्टूबर. 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी वि.स. बल में शहीद वीर पुलिस कर्मियों की स्मृति में '' पुलिस शहीद स्मृति दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

शहीद स्मारक में अधिकारियों के द्वारा शहीदों की वीरता और त्याग को याद करते पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजली दी गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा के 6वीं वाहिनी पहुंचने पर जिला पुलिस बल, एस.ए.एफ. होमगार्ड के प्लाटूनों ने सलामी दी. इस वर्ष मप्र पुलिस के 11 जवानों ने देश के लिए अपनी शहादत दी है. शहीद जवानों में निरीक्षक संजय पाठक, निरीक्षक रमेश कुमार धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक रामचरण गौतम, सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार कोरी, प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाह, प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग, प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंदे, प्रधान आरक्षक गोविंद पटेल, आरक्षक अनुज सिंह, आरक्षक सुंदर सिंह बघेल एवं आरक्षक अनिल यादव शामिल हैं.

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, जोनल पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी शहीदों के परिजन उपस्थित रहे.